# शराब दुकानों पर लगाया जुर्माना

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 अगस्त।** कलेक्टर अंकित अस्थाना के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में माह जुलाई 2025 में जिले में अवैध मदिरा आधिपत्य एवं परिवहन के कुल 63 प्रकरण दर्ज किये गये हैं।

जिला आबकारी अधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि मुरैना वृत्त में दिनेश जाटव पुत्र शंकरलाल, निवासी-मुंगावली, सुरेश यादव पुत्र विजय सिंह, निवासी-जींगनी, दिनेश शर्मा पुत्र द्वारिका प्रसाद, निवासी-जेबराखेड़ा, निक्की डण्डोतिया पुत्र रामनारायण, निवासी-हिंगोनाकला, जयप्रकाश दुबे पुत्र चंद्रशेखर, निवासी-मऊरानीपुर, मनोज जाटव पुत्र ज्ञान सिंह, निवासी-प्रेमनगर, मुरैना, सुरेन्द्र किरार पुत्र जीवाराम सिंह, निवासी-मीरपुर, गोलू सिंह यादव पुत्र सतीश, निवासी-गोपालपुरा, मुरैना एवं महेश यादव पुत्र रामवीर, निवासी-न्यू हाउसिंग बोर्ड मुरैना, अम्बाह वृत्त में सुनील सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह, निवासी-बजरंग कॉलोनी, अम्बाह-पोरसा रोड, मोहन सिंह भदौरिया पुत्र रक्षपाल सिंह, निवासी-सिंहपुरा, दीपक सिंह पुत्र कदम सिंह, निवासी-तोर, सतीश सिंह पुत्र भारत सिंह, निवासी-लेपा, दीपू सिंह तोमर पुत्र अनार सिंह, निवासी पारासर की गढ़ी, रवी तोमर पुत्र राम लखन सिंह निवासी लेपा, धर्मेन्द्र सिंह पुत्र मेवाराम सखवार, निवासी-बिचोला, मुंशीलाल पुत्र चंद्रभान सिंह, निवासी रावतकी एवं बृजेश पुत्र श्याम बहादुर सिंह परमार, निवासी-ककरारी, सबलगढ़ वृत्त में संतोष पुत्र हाकिम सिंह रावत, निवासी ग्राम रामपहाड़ी, सबलगढ, पिंकी धाकड़ पुत्र मान सिंह, निवासी खुमान का पुरा, कैलारस, हरिओम रजक पुत्र बीरबल, निवासी-भुरावली, थाना कैलारस, शिव सिंह पुत्र सोना माहौर, निवासी-जारोल, थाना टेंटरा, राजेश सेंगर पुत्र शारदा शरण, निवासी-खोह, टेंटरा, श्रीपति पुत्र रामू जाटव, निवासी-बावड़ीपुरा, थाना टेंटरा, गब्बर रावत पुत्र पातीराम, निवासी-खोह, सुनील कुशवाहा पुत्र देवेन्द्र, निवासी-पिपरधान तथा नरेश जाटव पुत्र छत्रपाल, निवासी-कैलारस एवं जौरा वृत्त में कुलदीप पुत्र रविन्द्र सिंह सिकरवार, निवासी-गोल पुलिया जौरा, रवि यादव पुत्र महेन्द्र यादव, निवासी डोंगरपुर जौरा, सोनू पुत्र केशव शाक्य, निवासी-रूनीपुर जौरा, नितेश पुत्र रमेश शर्मा, निवासी-बघोरा खुर्द रूनीपुर जौरा, लक्ष्मन कुशवाह पुत्र रोशन कुशवाह, निवासी अगरोता, प्रमोद पुत्र पप्पू गौड, निवासी बागचीनी चौराहा, इरफान खान पुत्र अजीम खान, निवासी-जिरेना जौरा इत्यादि के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं।

इस अवधि में पंजीबद्ध किये गये प्रकरणों में लगभग 66 हजार 740 रुपये की 162.90 बल्क लीटर देशी मदिरा तथा 3 हजार 410 रूपये की 5.58 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जप्त की गई। इसी अवधि में जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकानों के निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं पर कुल 122 विभागीय प्रकरण लायसेंसियों के विरुद्ध दर्ज कर 1 लाख 80 हजार 524 रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही जिले के कम्पोजिट मदिरा एकल समूह मुरैना की 58 मदिरा दुकानों के द्वारा प्रथम त्रैमास (01 अप्रैल 2025 से 07 जुलाई 2025 तक) में देय न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी की राशि के 85 प्रतिशत राशि से कम राशि की देशी, विदेशी मदिरा का उठाव किये जाने से कण्डिका क्रमांक 14 में प्रावधानित अनुसार 85 प्रतिशत से कम उठायी गयी अंतर की राशि पर 2.5 प्रतिशत की दर से कुल 36 लाख 86 हजार 91 रूपये की शास्ति अधिरोपित की गयी है।

# निगम आयुक्त ने पीएम आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 अगस्त।** नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवास का निरीक्षण किया गया। निगम आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 अंतर्गत निर्मित आवासों की कार्य

**31 तक मनाया जाएगा पीएम आवास योजना माह**

प्रगति को वार्ड क्रमांक 44 एवं 4 में जाकर देखा गया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त सत्येन धाकरे ने पाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1.0 के तहत जिन हितग्राहियों आवास निर्माण के लिए पूर्व में राशि दी गई थी, उन हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण का कार्य तेज गति से नहीं किया जा रहा है। उक्त को संज्ञान में रखते हुए निगम आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी दीपक गर्गेट को आवश्यक निर्देश दिए देते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों को पूर्व में राशि दी गई है उन हितग्राहियों द्वारा 15 दिवस में कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो संबंधित हितग्राही से राशि की वसूली की जाए तथा जो हितग्राही आवास निर्माण नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई कर एफआरआई भी दर्ज की जाए अन्यथा संबंधित उपयंत्री सहायक यंत्री के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

नगरी प्रशासन विकास विभाग द्वारा 01 अगस्त से लेकर 31 अगस्त तक प्रधानमंत्री आवास माह भी मनाया जा रहा है। निगम आयुक्त द्वारा प्रत्येक दिवस प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण वार्ड में जाकर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना का अमला एवं कमिश्नर के स्टेनो रोहित तोमर भी मौजूद रहे।

## एक नजर में

### घर में घुसकर चोरी करने वाले को 3 वर्ष का कारावास

**मुरैना/जौरा, 6 अगस्त।** नायक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री मनमोहन सिंह कौरव की अदालत से घर में घुसकर चोरी करने वाले आरोपी को 3 वर्ष के कारावास एवं जुर्माना की सजा से दंडित किया है। न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 12 जून 2013 को फरियादी सोनेराम बघेल ने थाना जौरा में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 जून 2013 की रात 11:00 बजे वह खाना खाकर छत पर सो गया था। लगभग 2:30 बजे के करीब पानी बरसने से वह घर के अंदर आया तो देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा है। उसकी 315 बोर की राइफल क्रमांक 42 311 एवं दो कारतूस तथा सूटकेस में रखा बहू का सामान जेवर, मंगलसूत्र, सोने की आधा तोले की चूड़ी, लगभग दो तोला की झुमकी, 7 ग्राम की दो अंगूठी, पाजेब, करधोनी, करीब 45000 रुपए को अज्ञात चोर रात में किवाड़ खोलकर चुरा ले गए हैं। उक्त रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 457, 380 का मामला किया गया था। माननीय न्यायाधीश ने सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जीडी आर्य के तर्कों को स्वीकार करते हुए आरोपी मिस्त्री उर्फ मेहताब को धारा 457, 380 में 3 वर्ष का कारावास 3000 के अर्थदंड से दंडित किया है।

### पचौरीपुरा में नकाबपोश बदमाशों की फायरिंग से फैली दहशत

**मुरैना/पोरसा।** पोरसा थाना क्षेत्र के पचौरी पुरा में बुधवार दोपहर करीब एक बजे दो बाइकों से आए बदमाशों ने कट्टे से हवाई फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश की। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित मोनू पचौरी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया कि बदमाशो ने आकर शराब के लिए पैसे मांगे जब पैसे की माना की तो लात घुसो से मारपीट कर डराने की नीयत से घर के सामने फायरिंग करते हुए भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में मोनू पचौरी ने पोरसा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने हिमांशु सिकरवार, राजेश उर्फ खुजली, सनी भदोरिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### समय से पहले स्कूल पहुंचना विशेषता रही केशव शर्मा की : महेश्वरी

**मुरैना/जौरा।** समय से पहले विद्यालय पहुंचना केशव शर्मा की विशेषता रही। शारीरिक रूप से विकलांग होने के बावजूद अपने कर्तव्य के प्रति पूरी जिम्मेदारी विद्यालय में केशव शर्मा निभाते रहे। यह अवसर था शासकीय प्राथमिक विद्यालय अलापुर से सेवानिवृत हुए प्रधान अध्यापक केशव शर्मा के विदाई समारोह का। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए यह कहा नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर आते-जाते समय अक्सर मैं केशव शर्मा को समय से पहले विद्यालय जाते हुए देखा। यह उनकी अपने पद के प्रति कर्तव्यनिष्ठा थी। इसी मौके पर उपस्थित सेवानिवृत्ति डीजीपी पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि शासकीय सेवा में एक न एक दिन तो प्रत्येक कर्मचारी को रिटायर होना पड़ता है। मैंने यहां बहुत कुछ सुना है केशव शर्मा के बारे में। इनके पढ़े हुए बच्चे आज शासकीय सेवा में सर्विस कर रहे हैं, जो निश्चित रूप से हम सबके लिए बेहद गर्व की बात है। ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष कमलेश दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह सही है कि शासकीय सेवा में रहते हुए एक न एक दिन तो रिटायरमेंट सभी को होना है। कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन अतिथियों अखिल माहेश्वरी, केशव शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, कमलेश दुबे, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, बीआरसी राजीव जादौन, शासकीय कन्या गढ़ी विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शैलेंद्र कुशवाहा, शत्रुघ्न भालोठिया, संतोषी लाल पाराशर, हरिओम उपाध्याय आदि का शर्मा परिवार द्वारा शॉल, श्रीफल के साथ सम्मान किया। यहीं पर युवा समाजसेवियों आशुतोष शर्मा, अन्ना रोहित शर्मा ने भी सेवानिवृत हुए केशव शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय अलापुर की नम्रता मिश्रा, पुष्प लता यादव, विमल भदोरिया, सेवानिवृत हुए दीपक दुबे ने भी विशेष रूप से अपने साथी श्री शर्मा का सम्मान किया। संचालन प्रमोद शर्मा प्रेयसी ने किया। यहां पर रामकुमार शर्मा, डॉ. अरुण शर्मा, रविशंकर शर्मा, डॉ. सुरेश शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, देवदत्त शर्मा, सत्येंद्र पांडे, दीनानाथ शर्मा, संजय शर्मा, मुन्नालाल यादव, प्रदीप शर्मा, राजकिशोर शर्मा, पवन कटारे आदि मौजूद थे।

### भाजपा नेता संजय सिंह को जन्मदिन पर अनेक लोगों ने दी बधाई



**मुरैना।** भाजपा युवा मोर्चा जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी संजय सिंह हर्षाना ग्राम नाका को जन्मदिन के अवसर मुरैना-श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने पत्र के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। मुरैना के पूर्व विधायक राकेश मावाई ने सोशल मीडिया पर और शुभकामनाएं दीं। शुभकामनाएं देने वालों में रूस्तम सिंह हर्षाना ग्राम नाका, कोक सिंह हर्षाना, अजय हर्षाना, जनपद सदस्य पुलेन्द्र सिंह हर्षाना, देवेंद्र हर्षाना कोतवाल, अभिषेक गांगिल, मुकेश गुर्जर, भूपेन्द्र हर्षाना रान्सु, अर्जुन हर्षाना, भूरा पटेल, बासुदेव पटेल, हट्टी सिंह, मलखान सिंह, मुकुट सिंह, यशपाल हर्षाना, किशोर शर्मा, प्रदीप कंसाना, जौन्टी हर्षाना, गौरव हर्षाना, अंकुश कंसाना, धर्मवीर हर्षाना, कल्ला हर्षाना सहित कई अन्य लोगों ने सोशल मीडिया व फोन कॉल पर शुभकामनाएं दीं।

# 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम भव्यता से आयोजित करें : डॉ. गुप्ता

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 अगस्त।** भाजपा दक्षिण मंडल की आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की निमित्त कामकाजी बैठक जिला भाजपा कार्यालय पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता

**भाजपा दक्षिण मण्डल की कामकाजी बैठक आयोजित**

मंडल अध्यक्ष धीरज सोनू शर्मा ने की। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेमकांत शर्मा, जिला मंत्री अरुण परमार, महापौर परिषद सदस्य डॉ. योगेंद्र मावई विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दिनेश सिंघल तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री ओमप्रकाश ठगेले ने किया। बैठक की शुरुआत सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। मंडल अध्यक्ष धीरज सोनू शर्मा ने स्वागत भाषण के साथ-साथ 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत पार्टी कार्यक्रमों को विस्तार से कार्यकर्ताओ के समक्ष रखा।

बैठक में मुख्य वक्ता निवृतमान अध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता ने कार्यकर्ताओ से सम्बोधित करते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से हमारी सेना ने माँ भारती का मान-सम्मान बढ़ाया है। हमें अपनी सेना पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने ''विभाजन से विभीषिका'' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं से मंडल में स्वच्छता अभियान एवं प्रत्येक घर पर तिरंगा लगाए जाने का आव्हान किया।

बैठक में निवृतमान जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता के अलावा मंडल अध्यक्ष धीरज सोनू शर्मा, मंडल महामंत्रीद्वय दिनेश सिंघल, ओमप्रकाश ठगेले, मंडल उपाध्यक्षगण संजय उपाध्याय, दुष्यंत सेंगर, मंडल मंत्रीगण राकेश नागर, निक्की भदौरिया, लालेन्द्र हर्षाना, पार्षद दिनेश तोमर, मायाराम राजपूत, रजत परिहार, राजकुमार शर्मा, बिट्टी खटीक, अर्जुन तोमर पूव पार्षद, विजय कुशवाह, प्रमिल तोमर, श्रीकांत तोमर, बी.आर. दोनेरिया, डॉ. रघुराज तोमर, पवन थापक, लोकेन्द्र शुक्ला, राजेंद्र टुंडेलकर, राजेंद्र नागर, राजेश खटीक, वरुण जादौन, जावेद खान, मुकुल शर्मा, सारंग तोमर, राजवीर बैसला, छन्नू पाठक, पीयूष चौहान, लालसिंह सिकरवार, विश्वनाथ तोमर, दलवीर तोमर, सुनील रजक, कृष्णा माहौर, श्याम तोमर, निखिल सविता सहित पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विभागीय उदासीनता के कारण शिक्षकों के लिए फीका रहेगा रक्षाबंधन

**मुरैना, 6 अगस्त।** शिक्षा विभाग के अंतर्गत जौरा ब्लॉक के हजारों शिक्षक एवं कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं होने से असंतोष बढ़ता जा रहा हैं। रक्षा बंधन जैसे सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व के त्यौहार पर उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। इस गंभीर स्थिति पर मप्र शिक्षक संघ के निवर्तमान संभागीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग की उदासीनता का खामियाजा जौरा ब्लॉक के शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। डॉ. सिकरवार ने कहा कि ऐसे समय में जब रक्षा बंधन जैसा पावन पर्व समीप है। शिक्षक वर्ग वेतन न मिलने के कारण मानसिक तनाव और असुविधा की स्थिति में है। शासन के नियम अनुसार महीने की 1 तारीख तक वेतन जारी किया जाना चाहिए। लेकिन व्यवस्था की गड़बड़ी का खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। त्योहारों पर जहां अग्रिम वेतन दिया जाना चाहिए। लेकिन स्थिति यह है कि महीने की 6 तारीख तक वेतन भुगतान का अता पता नहीं है। उम्मीद कम है कि वेतन भुगतान त्योहार से पहले हो पाएगा। सरकार और विभाग को चाहिए कि वे समय पर वेतन वितरण सुनिश्चित करें, ताकि शिक्षक वर्ग सम्मानपूर्वक और निश्चिंत होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सके। शिक्षक संगठनों और कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि वे अविलंब इस मामले में हस्तक्षेप करें और शिक्षकों को राहत प्रदान करें, जिससे वे रक्षा बंधन जैसे सामाजिक और सांस्कृतिक पर्व को गरिमा के साथ मना सकें। मांग करने वालों में विमलेश यादव, रघुराज परमार, सतंजय मिश्रा, रामावतार सिंह, जगदीश शर्मा आदि शामिल हैं।

# जिला अग्रवाल महिला महासभा ने किया पौधारोपण

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 अगस्त।** पर्यावरण की रक्षा का संकल्प- वृक्षारोपण अभियान की ओर एक सार्थक कदम जिला अग्रवाल महिला महासभा ने लिया। महासभा के संरक्षक रमेश गर्ग एवं जिला अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश गर्ग, सररक्षक शशि अग्रवाल, अध्यक्ष अंजना बंसल, अग्रवाल महासभा सचिव उमा अग्रवाल एवं अन्य सदस्य हेमा अग्रवाल, मंजु, रेनू गोयल, रीना मंगल, विनीता मंगल, रितु गोयल, प्रमिला, रागिनी गर्ग सदस्य शामिल होकर पितृवन पर वृक्षारोपण किया। इसी दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए जिला अग्रवाल महिला महासभा ने एक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और भावी पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरा-भरा वातावरण प्रदान करना था। इसमें शमी, अमरूद, जामुन, आम सेजना जैसे आदि वृक्ष लगाए गए।

आज का वृक्षारोपण अभियान न सिर्फ पर्यावरण की दिशा में एक छोटा-सा प्रयास था, बल्कि यह एक बड़ी सोच का हिस्सा है - ''एक वृक्ष, एक जीवन''। आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हर साल कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएंगे और उसकी देखभाल भी पूरी जिम्मेदारी से करेंगे।

# 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत जिले में गतिविधियाँ जारी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 अगस्त।** जिले में ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता: स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान को प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने के लिये जगह-जगह जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान तीन चरणों में 15 अगस्त तक चलेगा।

बुधवार को ग्राम सुरजनपुर में कलेक्टर अंकित अस्थाना व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव ने वृक्षारोपण भी किया तथा शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने हाथों में तिरंगा थामकर स्थानीय निवासियों से ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता: स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सम्पूर्ण प्रदेश के साथ मुरैना जिले में ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता: स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान तीन चरणों में आयोजित हो रहा है। प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएँ आयोजित की जा रही हैं। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित होगी।

# चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े, दो हिरासत में

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक सौरभ समीर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डाबर व सीएसपी श्रीमती दीपाली चंदोरिया द्वारा जिले में चोरों पर शिकंजा कसने के लिये समस्त थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया था।

थाना स्टेशन रोड मुरैना के अप.क्र. 182/2025 धारा 303 (2) बीएनएस में दिनांक 12.07.25 को ग्राम गंजरामपुर मुरैना से ट्रेक्टर मय ट्रॉली के चोरी हुआ था। आज दिनांक 22/07/25 को मुखबिर की सूचना पर से चोरी मशरुका स्वराज ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन नं. एमपी06 एए 4636 मय ट्रॉली के चोरी हो गया था। ट्रैक्टर-ट्रॉली कीमत करीबन साढ़े पांच लाख रूपये है, जिसे वरिष्ठ अधिकारीगण के द्वारा दिये गये आदेश व दिशा निर्देश के पालन में निरी. कुलदीप सिंह राजपूत, थाना प्रभारी थाना स्टेशन रोड मुरैना के द्वारा चोरी गये ट्रैक्टर व ट्रॉली को दो चोरों के कब्जे से जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

जप्त मशरुका: एक स्वराज ट्रैक्टर मय ट्रॉली रजिस्ट्रेशन नं. एमपी06 एए 4636 कीमत करीबन साढ़े चार लाख रूपये।

## सराहनीय भूमिका

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. कुलदीप सिंह राजपूत, उनि. रवि प्रताप सिंह गुर्जर, उनि. अश्व कुमार, प्र.आर. 07 रविन्द्र कुमार, प्र.आर. 720 रामसेवक, प्रआर. 896 सुरेश, आर.676 कपिल पचौरी, आर. 1254 कमलकिशोर, आर. 167 कुलदीप, आर. 561 राय सिंह, आर. 1301 रवि, आर. चालक 1170 पवन कुमार की सराहनीय

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मुरैना।** भारत विकास परिषद् शाखा मुरैना द्वारा महिला सहभागिता के अंतर्गत 03 अगस्त को राठी हॉस्पिटल में एक महत्वपूर्ण महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

# इलेक्ट्रिक की दुकान और ब्यूटी पार्लर में तोड़फोड़, मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**सबलगढ़, 6 अगस्त।** सबलगढ़ बस स्टैंड के सामने लकी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर चार लोगों ने आज शाम तीन बजे तोड़ फोड़ की वही दुकान के ऊपर बने ब्यूटी पार्लर में भी तोड़ फोड़ की गई।

नगर के बस स्टैंड के सामने मुकेश गुप्ता की लकी इलेक्ट्रॉनिक के नाम से इलेक्ट्रिक सामान की दुकान है उसी दुकान के ऊपरी मंजिल पर मुकेश गुप्ता की पत्नी अपना ब्यूटी पार्लर चलाती है मुकेश गुप्ता ने बताया कि आज तीन बजे अजय धाकड़ अपने तीन साथियों के साथ हमारी दुकान पर आया और आते ही दुकान में रखे इलेक्ट्रिक सामान ओर दुकान में लगे कांचों को अपने साथियों के साथ तोड़ फोड़ दिया इसके बाद अजय अपने साथियों के साथ ऊपरी मंजिल पर बने ब्यूटी पार्लर पर पहुंचा वहां भी तोड़ फोड़ कर सारा सामान फेक दिया । मुकेश गुप्ता के पुत्र से अजय धाकड़ का करीब दो दिन पहले गाड़ी में बैठने के ऊपर विवाद हुआ था पुलिस ने मुकेश गुप्ता की रिपोर्ट पर अजय धाकड़ ओर उसके तीन साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## आम सूचना

श्री महेश जाटव पुत्र श्री रामचरन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित मौहल्ला छोटी, ग्राम लालौर, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) हे जो नगर पालिका निगम मुरेना वार्ड क्र.03 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1753 ग्राम लालौर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1040 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है: पूर्व में भूखण्ड श्री रामचरन, पश्चिम में-भूखण्ड हरीसिंह (विक्रेता), उत्तर में-भूखण्ड सुघर सिंह जाटव एवं दक्षिण में रास्ता 10 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री हरीसिंह पुत्र श्री मनीराम एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री हरीसिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री महेश जाटव पुत्र श्री रामचरन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792016ए 1063667 दिनांक 06.02.2016 से विक्रय की गई। श्री महेश जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान सेन्ट्रम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

## आम सूचना

श्री राजवीर एवं श्री अविनाश पुत्रगण श्री राकेश कुमार के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम जौराखुर्द, सोलंकी पेट्रोल पम्प के पास, एम.एस.रोड से दूर, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.08 (राजेन्द्र वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1586 ग्राम जौराखुर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 550 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-रास्ता, 10 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूमि पलिया, उत्तर में-भूखण्ड श्री रामलखन एवं दक्षिण में-भूखण्ड श्री श्रीनिवास है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रामहेत पुत्र श्री फद्दी एवं श्रीमती रामबेटी पत्नी श्री मौजीराम के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रामहेत द्वारा उक्त सम्पत्ति का एक भाग श्री छोटेलाल को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1264 दिनांक 12.07.1988 से विक्रय की गई। श्री छोटेलाल का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती बतासिया पत्नी श्री छोटेलाल, श्री रामगोपाल, श्री रामलखन एवं श्री राकेश पुत्रगण श्री छोटेलाल उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री राकेश द्वारा सम्पत्ति 400 वर्गफुट एरिया श्रीमती रामबेटी पत्नी श्री मौजीराम को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.7029 दिनांक 16.12.2010 से विक्रय की गई। श्रीमती रामबेटी द्वारा उक्त सम्पत्ति का दूसरा भाग श्रीमती सरोज बाई पत्नी स्व. श्री श्रीनिवास को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.4175 दिनांक 02.11.2012 से विक्रय की गई। श्रीमती सरोज बाई एवं श्रीमती बतासिया द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री राजवीर एवं अविनाश (नाबालिग पुत्रगण श्री राकेश कुमार सरपरस्त भाई श्री राजवीर पुत्र श्री राकेश कुमार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25792017ए1358703 दिनांक 29.06.2017 से विक्रय की गई। श्री अविनाश अब व्यसक हो गये है। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 16.12.2010 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्री राजवीर एवं श्री अविनाश द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 16.12.2010 की मूलप्रति प्राप्त हो तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें एवं जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री छोटेलाल के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 5 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710